**शहर के 90 : पेट्रोल पंपों पर नहीं पीयूसी केंद्र, अधिकांश वॉशिंग सेंटरों में ईटीपी का अभाव**

# प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेश कागजों तक सीमित



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,24 जुलाई. पर्यावरण संरक्षण को लेकर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। वर्षों पहले जारी किए गए निर्देशों के बावजूद शहर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर प्रदूषण जांच ( पीयूसी ) केंद्र स्थापित नहीं हो सके हैं।**

वहीं छोटे वाहन वॉशिंग सेंटरों में एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) नहीं लगाए जाने से दूषित पानी बिना किसी शोधन के सीधे नालों और जल स्रोतों में बहाया जा रहा है। हालात यह हैं कि शहर में पर्यावरण संबंधी इन अनिवार्य नियमों का पालन 10 प्रतिशत से भी कम स्थानों पर होता दिखाई दे रहा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पेट्रोल पंपों पर पीयूसी केंद्र और वाहन वॉशिंग सेंटरों में ईटीपी स्थापित करने के स्पष्ट निर्देश दिए थे, ताकि वाहनों से निकलने वाले प्रदूषण की नियमित जांच हो सके और वॉशिंग सेंटरों से निकलने वाले रासायनिक व तेलयुक्त अपशिष्ट जल का उपचार किया जा सके। हालांकि, धरातल पर इन आदेशों का असर लगभग नगण्य है। विभाग की ओर से न तो नियमित निरीक्षण किए जा रहे हैं और न ही नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

## बिना जांच के जारी हो रहे पीयूसी प्रमाण-पत्र

शहर में वर्तमान में गिने-चुने पीयूसी सेंटर ही संचालित हो रहे हैं। शिकायतें हैं कि कुछ केंद्रों पर वाहनों की वास्तविक जांच किए बिना केवल वाहन नंबर के आधार पर प्रदूषण प्रमाण-पत्र जारी कर दिए जाते हैं। इससे पूरे पीयूसी सिस्टम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारों का कहना है कि यदि वाहनों की वैज्ञानिक तरीके से जांच ही नहीं होगी तो बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण कैसे संभव होगा।जानकारी के अनुसार पेट्रोल पंपों पर पीयूसी सेंटर खोलने के लिए परिवहन विभाग से पंजीयन और अनुमति लेना अनिवार्य है। कई पेट्रोल पंप संचालकों ने अनुमति तो प्राप्त कर ली, लेकिन आज तक पीयूसी सेंटर स्थापित नहीं किए। वहीं इन केंद्रों में उपयोग होने वाली मशीनों की गुणवत्ता और कार्यप्रणाली की जांच की जिम्मेदारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की है, लेकिन निगरानी का अभाव साफ नजर आता है।

## वॉशिंग सेंटरों से बढ़ रहा जल प्रदूषण

शहर में संचालित छोटे वाहन वॉशिंग सेंटरों से निकलने वाला दूषित पानी बिना किसी उपचार के सीधे नालियों में छोड़ा जा रहा है। इस पानी में तेल, ग्रीस, डिटर्जेंट और अन्य रासायनिक तत्व शामिल होते हैं, जो जल स्रोतों को प्रदूषित करने के साथ पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करते हैं।

बड़े ऑटोमोबाइल शोरूम और वाहन एजेंसियों में ईटीपी प्लांट लगाए गए हैं, लेकिन छोटे और निजी वॉशिंग सेंटरों में इस व्यवस्था का लगभग पूरी तरह अभाव है। स्थानीय स्तर पर इन सेंटरों की नियमित जांच भी नहीं हो रही, जिससे नियमों की अनदेखी लगातार जारी है।

## नगर निगम की मदद से होगी पहचान

प्रदूषण नियंत्रण विभाग अब नगर निगम की सहायता लेने की तैयारी में है। विभाग का कहना है कि दुकान पंजीयन और व्यापारिक अनुमति के माध्यम से संचालित वाहन वॉशिंग सेंटरों की जानकारी जुटाई जाएगी। इसके बाद संबंधित स्थानों का निरीक्षण कर ईटीपी स्थापित कराने और पर्यावरणीय मानकों का पालन सुनिश्चित करने की कार्रवाई की जाएगी।

### क्या है ईटीपी

यह कारखानों, केमिकल फैक्ट्रियों और अन्य उद्योगों से निकलने वाले दूषित और जहरीले अपशिष्ट जल को साफ करने वाली एक प्रणाली है। उद्योगों के गंदे पानी में हानिकारक रसायन, तेल, और भारी धातुएं होती हैं। ईटीपी इस पानी को उपचारित करता है ताकि इसे सुरक्षित रूप से पर्यावरण, नदी या नालों में छोड़ा जा सके या कारखानों में फिर से उपयोग किया जा सके।

### इनका कहना है...

पीयूसी सेंटर पर समय समय पर जांच करना हमारे विभाग की जिम्मेदारी है। वहीं छोटे-छोटे सेंटरों पर अभी ईटीपी प्लांट नहीं लगाए गए है। उनकी जानकारी लेकर जांच की जाएगी तथा नियम का पालन कराया जाएगा।

**एमपी तिवारी, क्षेत्रीय अधिकारी मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, छिंदवाड़ा**

# रात गश्त के दौरान धराए शराब तस्कर

## साठ लीटर देशी शराब के साथ दुपहिया बरामद



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,24 जुलाई. रात्रि गश्त में निकले आबकारी विभाग के अमले को दो शराब तस्करों के कब्जे से 335 देशी शराब बरामद करने में सफलता मिली। यह कार्यवाही गुरुवार की रात 11 बजे छिंदवाड़ा-अमरवाड़ा मार्ग के ग्राम नेर के पास हुई।**

कलेक्टर हरेन्द्र नारायण के निर्देश और सहायक आबकारी आयुक्त बीआर वैद्य के मार्गदर्शन में रात्रि गश्त पर निकले आबकारी वृत्त क्रमांक दो की टीम ने दुपहिया सवारों पर शक के आधार पर रोक तलाशी ली। तलाशी के दौरान अमरवाड़ा थाना क्षेत्र निवासी सोनम सूर्यवंशी और प्रवीण नगारची के कब्जे से 335 देशी शराब बरामद हुई।

60लीटर से भी अधिक शराब के अवैध परिवहन के मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की गैर जमानती धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। जप्त शराब और दुपहिया की अनुमानित कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये है। इस कार्यवाही के दौरान के वृत्त प्रभारी नरेंद्र नागेश, मुख्य आरक्षक लक्ष्मीचंद अडमाचे, जगदीश प्रसाद डहरवाल, आरक्षक राजकुमार सैयाम, सोनाली बरकड़े और शिवानी महोबिया उपस्थित थे।

## पंडित नेहरू स्कूल में एक दिवसीय कन्या किशोर शिविर का आयोजन

**छिंदवाड़ा.** पंडित नेहरू स्कूल में एक दिवसीय कन्या किशोर शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के भास्कर तिवारी जी एवं कार्तिक जी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को गायत्री मंत्र का महत्व बताते हुए इसके नियमित जप से जीवन में होने वाले आध्यात्मिक, मानसिक एवं नैतिक लाभों की जानकारी दी । वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को जीवन जीने की सही कला, अच्छे संस्कार, अनुशासन तथा सकारात्मक सोच के महत्व पर भी मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि अच्छे विचार और श्रेष्ठ संस्कार ही व्यक्ति के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला होते हैं। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के ट्रस्टी अशोक माहौरे जी सहित गायत्री परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही सभी छात्रों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया और गायत्री मंत्र का अर्थ बताते हुए उसके प्रभाव को अवगत कराया कार्यक्रम में संस्था प्रचार अखिलेश चैहान एवं सभी शिक्षकों ने अपनी सहभागिता दी ।

# आबकारी विभाग में दो आरक्षकों को मिली पदोन्नति



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,24 जुलाई. आबकारी विभाग में पदस्थ दो आबकारी आरक्षकों को पदोन्नति प्रदान कर आबकारी मुख्य आरक्षक बनाया गया।**

पदोन्नति के उपलक्ष्य में जिला आबकारी कार्यालय में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम के दौरान सहायक आबकारी आयुक्त बीआर वैद्य द्वारा पदोन्नत कर्मचारियों की वर्दी पर मुख्य आरक्षक के लाल फीते (बैज) लगाकर उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दी गईं। पदोन्नति प्राप्त करने वाले कर्मचारियों में श्रीमती अमृता साहू एवं सचिन श्रीवास्तव शामिल हैं।

इस अवसर पर सहायक आबकारी आयुक्त वैद्य ने कहा कि पदोन्नति प्रत्येक कर्मचारी की निष्ठा, ईमानदारी एवं उत्कृष्ट कार्य का सम्मान है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि दोनों पदोन्नत कर्मचारी अपने नए दायित्वों का निर्वहन पूरी लगन, अनुशासन एवं कार्यकुशलता के साथ करते हुए विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाएंगे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों पदोन्नत मुख्य आरक्षकों को पुष्पगुच्छ एवं शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# उमरानाला पुलिस ने तीन चोरी के मामलों का किया खुलासा

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,24 जुलाई.** उमरानाला चौकी पुलिस ने चोरी के तीन मामलों का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल, एक्टिवा स्कूटी, मोबाइल फोन समेत करीब 1.50 लाख रुपये मूल्य का मशरूका बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है ।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) रामेश्वर प्रसाद चौबे एवं थाना प्रभारी मोहखेड़ निरीक्षक विजयराव माहोरे के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 22 जुलाई को अरविंद टेकले और विवेक लोखंडे की शिकायत पर उमरानाला चौकी में चोरी के दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए थे। विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर अमोल धुर्वे, विजय मरकाम और विनोद धौलपुरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई ।पूछताछ में आरोपियों ने उमरानाला क्षेत्र की दोनों चोरियों के अलावा महाराष्ट्र के नागपुर जिले के कलमना थाना क्षेत्र से एक एक्टिवा स्कूटी चोरी करना भी स्वीकार किया।

# छिंदवाड़ा में दूध की गुणवत्ता पर सख्ती

## डेयरियों और दुग्ध संकलन केंद्रों से लिए गए नमूने

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,24 जुलाई.** जिले में आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण दूध उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग ने विशेष अभियान तेज कर दिया है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा मध्यप्रदेश एवं कलेक्टर के निर्देश पर विभाग की टीमें लगातार दूध विक्रेताओं, डेयरियों और दुग्ध संकलन केंद्रों का निरीक्षण कर रही हैं। अभियान के तहत दूध एवं दुग्ध उत्पादों के नमूने लेकर उनकी गुणवत्ता की जांच कराई जा रही है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने शुक्रवार को शहर स्थित कुरई दुग्ध संकलन केंद्र का निरीक्षण कर दूध का नमूना लिया। इसके साथ ही जुन्नारदेव विकासखंड के हरदागढ़ क्षेत्र में संचालित विभिन्न डेयरियों का निरीक्षण किया गया और वहां से भी दूध के नमूने एकत्र किए गए। इससे पहले 23 जुलाई को शहर की देव दूध डेयरी से मिश्रित दूध, खोया और दही के नमूने लिए गए थे। वहीं गौरव डेरी से मिश्रित दूध के दो नमूने, कान्हर गांव स्थित अर्नव दूध डेरी से दूध का नमूना तथा सौसर के बोरगांव स्थित नर्मदा दुग्ध संकलन केंद्र से भी दूध के नमूने संग्रहित किए गए।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि सभी नमूनों को परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि कोई नमूना निर्धारित गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं उतरता है तो संबंधित संचालकों एवं विक्रेताओं के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों में निर्माण स्थल की स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक खाद्य सुरक्षा मानकों से जुड़ी कमियां भी सामने आईं। ऐसे संचालकों को सुधार सूचना जारी करते हुए निर्धारित समय-सीमा में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

## जिले में अभी तक 406 .5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा,24 जुलाई** .जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 406.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 495.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 24 जुलाई 2026 को प्रात:8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 03 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 24 जुलाई 2026 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान जिले की तहसील छिंदवाड़ा में 2.6, मोहखेड़ में 4.6, अमरवाड़ा में 3.2, चौरई में 3.2, बिछुआ में 7.4, परासिया में 0.3, जुन्नारदेव में 5.8, चांद में 2.4 और उमरेठ में 3.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 261.6, मोहखेड़ में 341.1, तामिया में 374, अमरवाड़ा में 430, चौरई में 526.2, हर्रई में 369.3, बिछुआ 371.1, परासिया में 278.8, जुन्नारदेव में 370.2, चांद में 557.5 और उमरेठ में 436.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# राजस्व वसूली को लेकर ननि ने अपनाया का कड़ा रुख

## सहायक आयुक्त ने बैठक में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,24 जुलाई. नगर निगम सीमा क्षेत्रान्तर्गत जलकर एवं संपत्ति कर की बकाया वसूली को गति देने तथा राजस्व संग्रहण में व्यापक सुधार लाने के उद्देश्य से आज निगम सभाकक्ष में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।**

निगम आयुक्त चंद्र प्रकाश राय के निर्देशानुसार आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता सहायक आयुक्त सुश्री मीना कोरी ने की। बैठक के दौरान शहर के सभी 48 वार्डों के जलकर एवं संपत्ति कर संग्रहकर्ताओं एवं राजस्व अमले की वार्डवार प्रगति की गहन समीक्षा की गई। सहायक आयुक्त सुश्री मीना कोरी ने बैठक में स्पष्ट और कड़े निर्देश जारी करते हुए कहा कि सभी कर संग्रहकर्ताओं को प्रतिदिन मैदानी स्तर पर उतरकर वसूली कार्य करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कर्मचारियों को घर-घर जाकर समय पर बिल वितरित करने, बड़े करदाताओं से निरंतर संपर्क स्थापित करने तथा बकाया करों की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सुश्री कोरी ने वार्ड क्रमांक 1 से 48 तक के प्रत्येक कर संग्रहकर्ता से पृथक-पृथक चर्चा कर उनके वार्ड की राजस्व स्थिति, बकाया राशि और दैनिक वसूली का ब्योरा लिया तथा जिन वार्डों में प्रगति कम पाई गई, उन्हें कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार लाने की सख्त हिदायत दी। बैठक में राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं पर्यवेक्षक अमला विशेष रूप से उपस्थित रहा।




## डॉ.पक्षवार ने ली परासिया में पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक

**छिन्दवाड़ा.** कलेक्टर हरेंद्र नारायन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार के निर्देशानुसार उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग छिंदवाड़ा डॉ. एच.जी.एस. पक्षवार ने शुक्रवार को विकासखंड परासिया में सभी पशु चिकित्सकों, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारियों एवं गौसेवक मैत्री की समीक्षा बैठक ली। बैठक में हिरण्यगर्भ अभियान के अंतर्गत कृत्रिम गर्भाधान की प्रगति की समीक्षा करते हुए विकासखंड में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि सुनिश्चित करने के निर्देश सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए गए। साथ ही केसीसी पशुपालन के आवेदन, क्षीरधारा ग्राम योजना के अंतर्गत शिविर आयोजित कर आवेदन तैयार कराने एवं संबंधित बैंकों में जमा कराने के निर्देश दिए गए। उप संचालक डॉ.पक्षवार ने डेयरी प्लस योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक प्रकरण तैयार करने तथा कामधेनु योजना के तहत बैंकों से समन्वय कर प्रकरणों की स्वीकृति एवं वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## 19 घरों में पाये गये एडीज मच्छरों का लार्वा को किया नष्ट

**छिन्दवाड़ा.** डेंगू की रोकथाम व नियंत्रण के लिये शुक्रवार को शहरी क्षेत्र छिंदवाड़ा के वार्ड क्रमांक-11 स्वामी दयानंद सरस्वती में स्वास्थ्य विभाग एवं नगरपालिक निगम के संयुक्त 5 दल द्वारा 272 घरों में एडीज मच्छर के लार्वा का सर्वे किया गया। कुल 19 घरों में पाये गये एडीज मच्छर के लार्वा को लार्वानाशक दवा डालकर नष्ट कराया गया। सीएमएचओ डॉ.नरेश गोन्नाडे द्वारा जनसमुदाय से अपील की गई है की अपने घर के सभी पानी के कंटेनर, कूलर, फ्रिज, टांके टंकिया, टायर को प्रति सप्ताह जांच ले की एडीज मच्छर के लार्वा तो नहीं पनप रहे व खाली कर सफाई कर दे।

# मेडिकल संचालक को कार में ले जाने से मचा हड़कंप

## पत्नी की शिकायत पर हरकत में आई पुलिस, सीसीटीवी और तकनीकी जांच से मिली सफलता

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,24 जुलाई. शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक मेडिकल स्टोर संचालक को कार में बैठाकर ले जाने की सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए जांच शुरू की।**

आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मेडिकल संचालक को महाराष्ट्र के भंडारा जिले से सुरक्षित बरामद कर लिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि उन्हें साथ ले जाने वाले लोग कौन थे और इसके पीछे की वजह क्या थी।

### जिला अस्पताल के सामने से ले जाने की सूचना

जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल के गेट नंबर-2 के सामने स्थित सुरभि मेडिकल स्टोर के संचालक अग्रिम गुप्ता गुरुवार दोपहर करीब दो बजे अपनी दुकान पर मौजूद थे। इसी दौरान कुछ लोग वहां पहुंचे और उन्हें अपने साथ एक कार में बैठाकर ले गए। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बन गया। जब काफी देर तक अग्रिम गुप्ता का कोई पता नहीं चला तो उनके परिजनों ने चिंता जताई।

### सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच से मिला सुराग

जांच के दौरान पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में अग्रिम गुप्ता एक इनोवा कार में तीन अन्य लोगों के साथ जाते हुए दिखाई दिए। इसके बाद पुलिस ने वाहन की पहचान कर उसके मूवमेंट और अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच शुरू की। मोबाइल लोकेशन और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम गुप्ता की लोकेशन महाराष्ट्र के भंडारा जिले में ट्रेस हुई।

### पुलिस टीम ने भंडारा पहुंचकर किया सुरक्षित बरामद

लोकेशन मिलने के बाद कोतवाली थाना की टीम तत्काल महाराष्ट्र के भंडारा जिले के लिए रवाना हुई। टीम में एसआई नारायण बघेल, आरक्षक सागर डेहरिया और आरक्षक आदित्य रघुवंशी शामिल थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अग्रिम गुप्ता को सुरक्षित बरामद कर लिया और आवश्यक पूछताछ के बाद उन्हें अपने साथ वापस लाया।

### हर पहलू से की जा रही जांच

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि अग्रिम गुप्ता को अपने साथ ले जाने वाले लोग कौन थे, उनके साथ जाने की परिस्थितियां क्या थीं और पूरे घटनाक्रम के पीछे वास्तविक कारण क्या है। अधिकारियों का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया जाएगा।

### पत्नी ने कोतवाली थाने में दर्ज कराई शिकायत

अग्रिम गुप्ता के घर नहीं लौटने और उनसे संपर्क नहीं हो पाने पर उनकी पत्नी ने कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और तत्काल जांच शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज एकत्रित कर उनका परीक्षण कराया।


B.Tech ADMISSION OPEN 2026-27
अभी कॉल करें
6262110029
9111355846
रविवार को भी कॉलेज खुला है
ऐनी इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड रिसर्च सेंटर, छिंदवाड़ा
CSE | CE | ME | ECE | AU
600+ प्लेसमेंट
SC/ST Free Education with Government Scholarships*
OBC एवं EWS छात्रों हेतु विशेष फीस सहायता
12वीं (PCM) के अंकों के आधार पर प्रवेश
600+ प्लेसमेंट
अनुभवी फैकल्टी
आधुनिक लैब एवं प्रैक्टिकल ट्रेनिंग
सीमित सीटें
सफलता की नई मिसाल!
शैक्षणिक सत्र 2025-26 का 100% परीक्षा परिणाम!
सभी छात्रों के लिए FREE AI TRAINING + CERTIFICATE
AI | Data Science | Industry Skills
हवाई पट्टी के पास, बैतूल रोड, छिंदवाड़ा | www.aitrc.net

IPS COLLEGE
BIOINFORMATICS
26 Year
B.Sc. Honours/M.Sc. MICROBIOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Honours/M.Sc. BIOTECHNOLOGY with Industry Ready Program
Honours with Research
B.B.A.
B.C.A. M.Sc. CS
B.Sc. Maths B.Sc. Biology
B.Com. M.Com.
B.A. B.A.
In front of S.A.F. Gate Parasia Road Chhindwara
97528-80383
97533-04877
College Code - P-140
www.ipschw.com

आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत निः शुल्क
एन्जियोग्राफी एवं एन्जियोप्लास्टी
हार्ट अटैक व सभी हृदय रोगों के उपचार की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध।
संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

मानवता हॉस्पिटल
मल्टीस्पेशिलिटी
डॉ. बबीता ठाकुर
डॉ. आशुतोष सिन्हा
(कंसल्टेंट फिजिशियन)
पता:- भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी,प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन,नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित ।संपादक क्रांति चतुर्वेदी।* फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589